खुशखबर • एक महीने में लॉन्च होंगी योजनाएं

हाउसिंग बोर्ड की 11 शहरों में 17 आवासीय योजनाएं, मिलेंगे 11,250 मकान

जयपुर के प्रतापनगर स्थित सेक्टर 26 में मुख्यमंत्री राज्य कर्मचारी आवासीय योजना लॉन्च होगी, 624 फ्लैट होंगे

जयपुर | हाउसिंग बोर्ड ने घर का सपना देख रहे लोगों के लिए बुधवार को जयपुर सहित 11 शहरों में 17 आवासीय योजना लॉन्च करने का निर्णय लिया है। इनकी लांचिंग एक माह में सीएम स्तर पर करवाई जाएगी। इनमें सभी श्रेणियों के कुल 11,250 आवास मिलेंगे। हाउसिंग बोर्ड के कमिश्नर पवन अरोड़ा ने बताया-जयपुर के प्रताप नगर स्थित सेक्टर 26 में मुख्यमंत्री राज्य कर्मचारी आवासीय योजना लांच की जाएगी। इसमें हर स्तर के कर्मचारियों की आवश्यकतानुसार 624 फ्लैट्स बनेंगे। इसमें 10.90 लाख में 632 वर्गफीट का 2 बीचएचके फ्लैट, 15.70 लाख में 882 वर्गफीट का 2 बीचएचके फ्लैट और 21 लाख रु. में 1097 वर्ग फीट का 3 बीचएचके फ्लैट उपलब्ध कराया जाएगा।

जयपुर के वाटिका, महला और शाहपुरा में बनाए जाएंगे आवास

जयपुर के सिरोली, वाटिका, महला, शाहपुरा और उदयपुर के दक्षिण विस्तार एवं देवारी, श्रीगंगानगर के सूरतगढ़, टोंक के निवाई, सिरोही के आबूरोड़, अजमेर के नसीराबाद, किशनगढ़, डूंगरपुर और बांसवाड़ा में लॉन्च होंगी। आर्थिक दृष्टि से कमजोर आय वर्ग, अल्प आय वर्ग, मध्यम आय वर्ग-अ,ब व उच्च आय वर्ग को 1,250 आवास उपलब्ध होंगे।

10% दीजिए गृह प्रवेश कीजिए में जीएसटी नहीं

बोर्ड कमिश्नर पवन अरोड़ा ने बताया कि '10 प्रतिशत दीजिये गृह प्रवेश कीजिए' योजना में जीएसटी न तो किस्तों पर लगेगी और न ईएमडी पर। बोर्ड अध्यक्ष भास्कर ए. सांवत की अध्यक्षता में बुधवार को हुई बैठक में ये सभी महत्वपूर्ण फैसले किए गए।



11 शहरों में जो 17 आवासीय योजनाएं लॉन्च होंगी, उनमें पीएम आवास योजना व सीएम जन आवास योजना के तहत देय लाभ भी प्रदान किए जाएंगे।

-पवन अरोड़ा, कमिश्नर, हाउसिंग बोर्ड